समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# अयोध्या पहुंचे प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारियां पूरी

Ashwani Sonkar
Published on 12 Sep 2025



अयोध्या में आज ऐतिहासिक क्षण देखने को मिलेगा जब **मॉरीशस के प्रधानमंत्री** अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रामनगरी पहुंचेंगे। उनके आगमन से पहले **प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही** अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया।

स्वागत की तैयारियां

मॉरीशस के प्रधानमंत्री का स्वागत **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** स्वयं करेंगे। एयरपोर्ट से लेकर राम जन्मभूमि गेट तक पूरे मार्ग को सजाया गया है और जगह-जगह **भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गीत और लोक नृत्य** की प्रस्तुतियां होंगी।

अवध की परंपराओं और लोक संस्कृति की झलकियां प्रधानमंत्री के स्वागत में देखने को मिलेंगी।

प्रभारी मंत्री का बयान

सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यह क्षण भारत और अयोध्या के लिए बेहद **ऐतिहासिक** है। उन्होंने बताया कि एक ही हफ्ते में दो अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों का अयोध्या आगमन यह दर्शाता है कि **रामनगरी की वैश्विक पहचान और महत्व बढ़ा है।**

उन्होंने कहा कि **भारत और मॉरीशस के बीच विशेष संबंध** हैं, खासकर इसलिए कि उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़ी संख्या में लोग मॉरीशस में रहते हैं। यह दौरा दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा करेगा।

दौरे का कार्यक्रम

- **सुबह 11:10 बजे** मॉरीशस के प्रधानमंत्री अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे।
- एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर जाएंगे और **प्रभु श्रीराम के दर्शन** करेंगे।

- लगभग **डेढ़ घंटे** अयोध्या प्रवास के बाद वे दोपहर 1 बजे देहरादून रवाना होंगे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Ashwani Sonkar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.